## सार-समाचार

### पोस्टर का विमोचन




**उदयपुर, (कासं)।** श्री श्री 1008 श्री भीमसिंह जी सगस जी बावजी के जन्मोत्सव पर 9 अगस्त को गुरूरामदास कॉलोनी कुम्हारों का भटट् पर आयोजित 30वीं भव्य भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, डॉ. रोहित कुमावत, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, बंशीलाल, रोशन, सुरेन्द्र, डॉ. ममता कुमावत ने किया। मंदिर पुजारी रामकिशन कुमावत ने बताया कि भजन संध्यॉ में भजन सम्राट मोईनुदीन मनंचला जोधपुर, मशरूम मनंचला जोधपुर, त्रिशा सुथार उदयपुर, विक्रम नकुम उदयपुर, मोनू वैष्णव उदयपुर, दिलिप गवया, भजनों की प्रस्तुतियॉ देंगे। मंच संचालन हरीश वैष्णव द्वारा किया जायेगा। भजन संध्यॉ के मुख्य अतिथि सांवरिया सेठ मंदिर के पुजारी विशाल महाराज होंगे।

### मिलावट पर वार अभियान जारी

**उदयपुर, (कासं)।** आयुक्त खाध सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान के निर्देशानुसार जारी शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के क्रम में डाक्टर शंकर एच बामणिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर ने बताया कि आज अशोक कुमार गुप्ता खाध सुरक्षा अधिकारी ने मण्डी समिति कार्यालय में संजीव पण्ड्या संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग एवं कार्यवाहक सचिव कृषि उपज मंडी समिति (फल) उदयपुर की अध्यक्षता में फल-सब्जी विक्रेताओं के साथ एक मिटिंग आयोजित की तथा खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के नियमों के बारे में जानकारी दी।। खाध सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक फल एवं सब्जी विक्रेता ( थोक एवं खुदरा विक्रेता) को खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत फल-सब्जी विक्रय हेतु फूड लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन लेना आवश्यक है।व्यापारीयों ने बताया कि कुछ व्यापारीयों के पास फूड लाइसेंस पहले से ही मोजूद है तथा जिनके पास नहीं है या जिनका लाइसेंस अवधिपार हो गया है, वो सभी शीघ्र ही फूड लाइसेंस बनवा लेंगे, इस हेतु शीघ्र ही मण्डी परिसर में ही विभाग की तरफ से फूड लाइसेंस शिविर लगाया जावेगा। खाध सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक फल व सब्जी विक्रेता को साफ एवं ताजा फल एवं सब्जी विक्रय करनी है, फलों पर स्टीकर नहीं चिपकाने है। सडे-गले फल एवं सब्जी विक्रय करते पाये जाने पर खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### सूने मकान से जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में सुने मकान से चोर जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्तजानकारी के अनुसार सुखरे थाना क्षैत्र परतापपुरा अम्बेरी निवासी परता गमेती पुत्र हेमाजी गमेती ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि गत दिनों मैं मकान पर ताला लगा कर रिश्तेदारी में मेहमान गया था। 3 अगस्त को लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो चांदी के एक जोड़ी जोड़,2जोडी चूडियां, कंदोरा, दो जोडी पायल बच्चों की,3 जोड़ी चूडिया तथा नेवरिया गायब थी।इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई सरदारसिंह कर रहे है।

### हमले में महिला घायल

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में आपसी मनमुटाव के चले युवक ने घर में घुस कर चाकू से हमला कर महिला को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहनी जोट पनत्नी जगदीशचन्द्र जाट निवासी पंकज सेनेट्री के पास बोहरा गणेश जी ने ज्योतिनगर 100 फीट रोड़ शौभागपुरा निवासी विजय चौधरी पुत्र डालचंद चौधरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी से मेरी पुत्री का तलाक हो चुका हैं। इसको लेकर आरोपी से मनमुटाव चल रहा था। इसी के चलते 4 अगस्त को आरोपी ने घरआकर दरवाजा खटखटाया। इस पर दरवाजा खोलते ही आरोपी चाकू से प्राणघातक हमले कर फरार हो गया। चिल्लाने पर आए परिजनों ने मुझे निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई चंदनसिंह कर रहे है।

### सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के समीप चिरवा स्थित फूलों की घाटी उद्यान से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त को सुखेर थानाक्षैत्र चीरवा स्थित महात्मा गांधी स्मृति वन उद्यान फूलों की धाटी चिरवा में लगे एक सीसीटीवी केमरा व बेटरी अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसका पता चलने पर फोरेस्ट गार्ड नाका अंबेरी देव डूंगरी बावजी मंदिर के पास यूनिवर्सीटी रोड़ ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एसआई जयबाला कररही है।

### अपहरण का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।**शहर के हिरणमगरी थानाक्षैत्र में अज्ञात बदमाश चलती कार से अपर्हता को रोड़ पर फैक कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मनीष पब्बून पुत्र राधेश्याम पब्बून निवासी उदयपार्क हिरणमगरी सेक्टर 5 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 3 अगस्त को आरोपी मेरा अपहरण कर ले गए। इसका विरोध कर चिल्लाने पर पकडे जाने के भय से आरोपी रिको मेन रोड पर फाटक खोल कर कार से मुझे रोड़ पर फैंक कर फरार हो गए। इसका पता चलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# बच्चे कच्ची रोटियां, पानी मिला दूध, सड़े हुए फल खाने को मजबूर

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के निकट राणा पूंजा राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास में सोमवार को सब्जी में बरसाती कीडा गिरने पर बच्चों ने खाना नहीं खाया और शिकायत लेकर भीण्डर उपखण्ड अधिकारी के पास पहुंचे तो उपखण्ड अधिकारी तुरंत छात्रावास पहुंच करके निरीक्षण किया। जहां बच्चों को प्रतिदिन कच्ची रोटियां, पानी मिला दूध, एक चम्मच पोहे जैसी खाने की वस्तुएं मिलने जैसी समस्याएं उजागर हुई। उपखण्ड अधिकारी ने रसोईघर, शाम का बना भोजन सहित छात्रावास का निरीक्षण किया, वहीं वार्डन को 7 दिन का समय दिया कि व्यवस्थाएं सुधार दे नहीं तो कडी कार्यवाही की जायेगी।

- भीण्डर के राणा पूंजा राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास भरडिया का मामला
- सब्जी में गिरा बरसाती कीडा तो बच्चों ने नहीं खाया खाना, शिकायत पर एसडीएम ने किया निरीक्षण



भीण्डर के भरडिया छात्रावास में जली हुई कच्ची रोटियां देखते हुए एसडीएम।

भरडिया छात्रावास में सोमवार दोपहर के खाने में बनी सब्जी में एक बरसाती कीडा निकलने पर बच्चों ने खाना छोड दिया था। इसके बाद 10-15 बच्चें शाम 4.30 बजे भीण्डर पुलिस थाने पहुंच गये, लेकिन यहां से फिर भीण्डर उपखण्ड अधिकारी को अवगत करवाया। जिस पर भीण्डर उपखण्ड अधिकारी रमेश चन्द्र बहेडिया छात्रावास का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। वहां बच्चों ने बताया कि सब्जी में कीडा होने से खाना नहीं खाया, इसके बाद उपखण्ड अधिकारी ने रसोइघर, शाम के बने हुए भोजन का निरीक्षण किया। शाम के खाने की जब रोटियां एमडीएम रमेश चंद्र बहेडिया ने देखी तो उनको देखकर ही एसडीएम आग बबूला हो गये, कि सरकार आपको बच्चों को ऐसा खाना खिलाने के लिए जिम्मेदारी नहीं दे रखी है। निरीक्षण के दौरान कई रोटियां जली हुई तो आधी से ज्यादा रोटियां कच्ची थी।

इसके अलावा बच्चों से प्रतिदिन मिलने वाले खाने के बारे में जानकारी ली तो बच्चों ने बताया कि जो बनता हैं वो खा लेते है। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने सप्ताह के खाने का चार्ट कहां तो वार्डन ऑफिस से चार्ट लेकर पहुंचा। इस पर चार्ट बाहर लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान दूध के बारे में पुछा तो बच्चों ने बताया दूध से ज्यादा पानी होता हैं और सुबह रोजाना नाश्ते में पोहे मिलते हैं वो भी केवल एक चम्मच। वहीं फल में मिलने वाले केले भी सडे हुए होते है।

भीण्डर उपखण्ड अधिकारी रमेश चंद्र बहेडिया ने वार्डन सोहन लाल मीणा को 7 दिन में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिये और 7 दिन बाद पुनः निरीक्षण करने की बात भी कहीं। इस दौरान बच्चों द्वारा बताई समस्याएं हल नहीं हुई तो कडी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। वहीं भोजन बनाने वालों को अच्छा भोजन बनाने और उसको सुरक्षित बच्चों तक परोसने के निर्देश दिये।

## उदयपुर में दो दिवसीय मेले में महिलाओं ने लुत्फ उठाया

**उदयपुर, 5 अगस्त।** उदयपुर में दो दिवसीय हरियाली अमावस्या के दूसरे दिन सोमवार को महिलाओं ने मेले का लुत्फ लिया। दो दिन के इस मेले में पहला दिन आम लोगों के लिए व दूसरे दिन केवल महिलाओं के लिए प्रवेश रहता है।

मेले में आज दिनभर फतहसागर की पाल से सहेलियों की बाड़ी तक महिला मेलार्थियों की भीड़ रही। महिलाओं ने मेले में खूब खरीददारी कर मेले का आनंद लिया। यह मेला करीब 126 सालों से चला आ रहा है। कहा जाता है कि महाराणा फतहसिंह ने जब फतहसागर झील छलकी तो महारानी चावड़ी व लवाजमे के साथ इस मेले की शुरूआत की। सन 1898 में इसकी शुरूआत की।

मेले में पहले दिन महारानी चावड़ी ने जब महिलाओं की भीड़ कम देखी तो महाराणा ने एक दिन केवल महिलाओं के लिए इस मेले का लगाने की बात और तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

सोमवार को महिलाओं के नाम रहे हरियाली अमावस्या के मेले में ठामीण क्षेत्र के आई महिलाएं शाम होते ही लौटने लगी। सहेलियों की बाड़ी में अपनी सखाओं के साथ महिलाएं मेले का लुत्फ लेते व खरीददारी करते दिखी। इस दौरान वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने परिवार के साथ आए पुरूषों को मेले में जाने से रोक दिया। केवल महिलाओं के लिए लगने वाले इस मेले में पुरूषों का प्रवेश वर्जित रहता है। ऐसे में कई पुरूष बेरिकेड्स के दूसरी तरफ अपने परिवार की महिलाओं को छोड़ उनका इंतजार करते दिखाई दिए। इधर, निगम की ओर से हरियाली अमावस्या मेले में लहरिया प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लहरियां परिधान पहनकर महिलाएं आई।

हालांकि शाम होते-होते अमूमन जो भीड़ सहेलियों की बाड़ी वाले मार्ग पर दिखाई देती है वह इस साल कम देखी गई। देवाली छोर पर लगे झूले का महिलाओं ने आनंद लिया। इससे पहले रविवार को आयोजित मेले में दिनभर मेलार्थियों का तांता लगा रहा।

फतहसागर पाल से सहेलियों की बाड़ी तक बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इस मेले में देखी गई जिसमें ठामीण व शहरी दोनों जगहों से लोग इस मेले का लुत्फ लेने आए।

### जन्माष्टमी मेला 26 को

**उदयपुर, (कासं)।** प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ में 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जन्माष्टमी मेले में सुबह से रात्रि तक विविध आयोजन और प्रतियोगिताएं होंगी। मेले में विभिन्न स्टाल्स के साथ चकरी-डोलर भी विशेष आकर्षण होंगे। केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 26 अगस्त को प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक गौरव केन्द्र परिसर में स्थित भक्तिधाम में पंचामृत अभिषेक होगा। भक्तिधाम के पुजारी लक्ष्मण के सान्निध्य में पुरुष सूक्त विधि से पूजा की जाएगी। इसके बाद दोपहर 12 बजते से राधा-कृष्ण व कान्हा-यशोदा वेशभूषा प्रतियोगिता होगी। राधा-कृष्ण प्रतियोगिता में 6 से 10 वर्ष की आयु तक के बच्चे भाग ले सकेंगे।


**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-परि/विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक:-02.08.2024

**विज्ञप्ति**

इस कार्यालय में संजय मोदी पिता स्व. श्री ख्याली लाल जी निवासी-359 मनोहरपुरा बड़गांव, उदयपुर (राज.) ने वाहन संख्या RJJ0641, RJ27SK8585, RJ27-13M3716 स्वामित्व हस्तान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त वाहन इनके स्व. पिता श्री ख्याली लाल जी के नाम से पंजियन है एवं इनके माता जी का देहान्त हो चुका है। इस स्वामित्व हस्तान्तरण हेतु किसी को कोई आपत्ति हो तो मय सबूत 15 दिवस में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित हो, इस कार्यालय में पेश करें अन्यथा उक्त वाहन श्री संजय मोदी के नाम स्वामित्व हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**उदयपुर**


### पहाडों की अवैध कटाई रोकने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने उदयपुर शहर के आस-पास के पहाडों पर लगातार हो रही अवैध कटिंग को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर विधानसभा मे विशेष प्रस्ताव पेश किया, जिसमें इन पहाड़ियों की कटिंग रोकने की मांग की गई।

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने विधानसभा में विशेष प्रस्ताव पेश किया कि उदयपुर शहर की झीलों की सुंदरता एवं पहाडों की सौन्दर्यता के रख रखाव को प्रशासन की अनदेखी व अतिक्रमणों की भरमार से झीलों की वास्तविकता और पहाडों की भूमि हिल पॉलिसी 2018 के अन्तर्गत उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा समय-समय स्वीकृति जारी की जाती रही, जिस पर उच्च न्यायालय जोधपुर ने इस पॉलिसी पर रोक लगा दी गई थी। उसके बावजूद पहाडों की अवैध कंटिंग अभी भी की जा रही है। शिकायतों के आधार पर प्राधिकरण ने 43 पहाडियों को चिन्हित किया, जिन पर मात्र मात्र कागजी कायावाही कर छोड दिया।

# मिशन हरियालो-राजस्थान के तहत पौधरोपण कल




जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव।

**बांसवाडा , (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी कक्ष में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आगामी 7 अगस्त को राज्य में आयोजित मिशन हरियालों राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिले में सघन पौधरोपण करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व ग्रामों में सघन पौधरोपण कर जियो टैगिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर वीसी में दिये गये निर्देशों की पालना करवाएं। कलक्टर ने बताया कि जो पौधे लगाए जाएं उन्हें बचाना भी जरूरी है। उन्होंने लगाए जा रहे सभी पौधों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पौधों की जानकारी हरियालो राजस्थान एप पर अपलोड की जाए। उन्होंने इस अभियान में जन सहभागिता बढाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व ग्रामों में पौधों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए ताकि अभियान को अधिकतम सफल बनाया जा सके और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।


**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ना./नामान्तरण/2024-25/9854 दिनांक : 30/07/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड / भवन का स्वयं के नाम पर अंगराकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती रेखा सेन पत्नी श्री राजेश वर्मा | कृष्णा कोलोनी बागोल नाथद्वारा, स्वीकृत योजना नाप 166.3 वर्गगज भूखण्ड सं. 51 | भूखण्ड संख्या 52 | कॉलोनी का आम रास्ता 40 फिट चौड़ा | कॉलोनी का आम रास्ता 40 फिट चौड़ा | भूखण्ड संख्या 64 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## उदयपुर के कराते खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** हाल ही में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सम्पन्न भारत की सबसे बड़ी प्रतियोगिता ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते चैंपियनशिप 2024 में उदयपुर के 21 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमे से 11 खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 10 काँस्य पदक जीतकर लेकसिटी को गौरवान्वित किया है।

उदयपुर टीम के कोच रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया कि टूर्नामेंट मे खिलाड़ियों ने काता और कुमिते स्पर्धा मे अलग अलग केटेगरी मे पदक जीते। सब जूनियर वर्ग मे साकेत सांवरिया ने 11 साल के आयुवर्ग के काता स्पर्धा मे काँस्य पदक और कुमिते में 30 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। वरद पाटिल ने 8 साल के आयुवर्ग मे कुमिते मे 30 किग्रा में रजत पदक, लेखाश कावड़िया 7 साल के आयुवर्ग में कुमिते 25 किग्रा से अधिक में काँस्य पदक, धृत जैन ने 8 साल के आयुवर्ग मे कुमिते के 20 किग्रा मे काँस्य पदक, कुवीरा व्यास ने 8 साल में कुमिते 30 किग्रा अधिक में काँस्य पदक, रजत ओझा ने 11 साल मे कुमिते स्पर्धा 35 किग्रा में काँस्य पदक, विकी यादव 12 साल मे काता स्पर्धा मे काँस्य पदक, अभिनव चौधरी ने 12 साल मे कुमिते स्पर्धा 35 किग्रा में काँस्य पदक, हार्दिक चौधरी ने 13 साल मे काता स्पर्धा मे काँस्य पदक, जूनियर केटेगरी मे मंशय व्यास ने कुमिते स्पर्धा 55 किग्रा से अधिक मे काँस्य पदक और भविष्य जलानिया ने कुमिते स्पर्धा 76 किग्रा में काँस्य पदक जीते। टूर्नामेंट मे पूरे भारत वर्ष से 2500 के लगभग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रावछ,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-SPL/19 दिनांक-2.8.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत रावछ में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 07.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2425GLRC00375**

**सरपंच**
ग्राम पंचायत रावछ
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर ( राज. )

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत रावछ
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर ( राज. )


# भगवान शिव का किया अभिषेक, शिव मंदिरों में लगी भीड़

**डूंगरपुर, (निसं)।** गुजराती मान्यता के अनुसार रविवार को अमावस्या से श्रावण मास की शुरुआत हुई। आज श्रावण मास का पहला सोमवार है। श्रावणी सोमवार को लेकर शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड लग गई।

वागड में आज श्रावण मास का पहला सोमवार है। इस मौके पर शिव मंदिरों में भक्तों की भीड उमडी। भक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक किया और मनोकामना की। शहर सहित गांवों के शिव मंदिरों में दर्शनों के लिए भक्त मंदिर पहुंचे। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे सुनाई दिए। डूंगरपुर, बांसवाडा सहित गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में गुजराती मान्यता के अनुसार रविवार को अमावस्या से श्रावण मास की शुरुआत हुई।



नया महादेव मंदिर में श्रावणी सोमवार पर ब्रम्हा मुहूर्त में पंडित हरिप्रसाद दवे के नेतृत्व में मंत्रोच्चार हुए।

आज श्रावण मास का पहला सोमवार है। श्रावणी सोमवार को लेकर शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड लग गई। शहर के नया महादेव मंदिर में श्रावणी सोमवार पर ब्रम्हा मुहूर्त में पंडित हरिप्रसाद दवे के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ कमलेश पंचाल और श्रद्धालुओं ने शिव अभिषेक किया। शहर के धनेश्वर शिवालय सहित शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक, दूध, दही, पंचामृत अभिषेक किए गए। वहीं बिल्व पत्र और फूल चढाए। भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए मनोकामना मानी। वहीं शिव मंदिरों में घंटों, शंख की गूंज के साथ ही हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे गूंज उठे। डूंगरपुर शहर के अलावा जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर भुवनेश्वर महादेव, देवसोमनाथ शिवालय, बेणेश्वर धाम शिवालय, कटकेश्वर शिवालय, गौरेश्वर सहित कई शिव मंदिरों में आज दर्शनों के लिए भक्तों की भीड रही। श्रावण मास को लेकर शिव मंदिरों में पूरे महीने कई अनुष्ठान किए जाएंगे।

## डॉ. अतुल लुहाडिया थोरेकोस्कॉपी वर्कशॉप में बने फैकल्टी

**उदयपुर, (कासं)।** जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय थोरेसिक एंडोस्कोपी सोसाइटी सम्मेलन टेस्कॉन में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल लुहाडिया को थोरेकोस्कॉपी वर्कशोप में उदयपुर से फैकल्टी के रूप में बुलाया गया।

उन्होंने सम्मेलन में वर्कशॉप में पधारे हुए डेलीगेट्स को सीने में पानी भरने के निदान और इलाज में काम आने वाली दूरबीन थोरेकोस्कॉपी जांच के बारे में बताया एवं अपना अनुभव साझा किया। मेडिकल थोरेकोस्कॉपी एक प्रकार की सीने की एंडोस्कोपी है जिसमें सीने में छोटे से भाग को सुन्न करके एक छोटा सा छेद करके थोरेकोस्कोप सीने के अंदर डाला जाता है और सीने के अंदर क्या खराबी है उसको दूरबीन द्वारा देखा जाता है, सीने में जमे हुए पानी एवं जालो को निकाला जाता है और बायोप्सी ली जाती है। इसमें जटिलताएं, जोखिम, खर्चा कम होता है, मरीज को भर्ती कम दिन रहना पडता है और निशान भी कम रहता है।

डॉ. लुहाडिया ने चिकित्सकों से अपील की है कि सीने में पानी भरने के निदान के लिए बार-बार सुई से पानी निकालने की बजाए थोरेकोस्कॉपी कर बायोप्सी करनी चाहिए ताकि समय पर निदान एवं इलाज आरंभ किया जा सके। गीतांजलि अस्पताल में डॉक्टर अतुल एवं उनकी टीम अब तक लगभग 500 से ज्यादा मरीजों की सफल थोरेकोस्कॉपी कर निदान एवं इलाज कर चुकी हैं। सम्मलेन में ही डॉ. लुहाडिया ने फेफडों की दूरबीन (ब्रोंकोस्कोपी) जांच द्वारा बलगम खांसी में खून आने पर निदान एवं उपचार पर व्याख्यान भी दिया। उन्होंने बताया कि अगर रोगी के खांसी में खून आता है तो यह एक गंभीर लक्षण होता है, कई बार फेफडों से ज्यादा खून आने पर मरीज गंभीर हो सकता है एवं जान को खतरा भी हो सकता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पालीदाणा,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-98 दिनांक-2.8.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत पालीदाणा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 07.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2425GLRC00374**

**सरपंच**
ग्राम पंचायत पालीदाणा
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर ( राज. )

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत पालीदाणा
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर ( राज. )